**न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़**

**पीठासीन अधिकारी– रतन कुमार** (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| **007/2019** (GCMS 2019/00119) | **04.02.2019** | **03.03.2021** |

**अनवान**

सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिकारी, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

1. कुनाल दोलतानी (सिंधी) पुत्र धर्मदास (विक्रेता फर्म)
   मो. नं. 9772900333)
   मैसर्स एस.एन. कान्ट्रेक्टर, 19 गाडीया लौहार कॉलोनी, चित्तौड़गढ़
   निवासी 37 आदर्श नगर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
2. संजय गुरनानी पुत्र श्रीचन्द गुरनानी (मालिक विक्रेता फर्म) (मो. नं. 9413315797)
   मैसर्स एस.एन. कान्ट्रेक्टर, 19 गाडीया लौहार कॉलोनी, चित्तौड़गढ़
   निवासी 56 शास्त्री नगर. चित्तौड़गढ (राज.)
3. राकेश भांगडिया पुत्र माणकचन्द्र भांगडिया
   (भागीदार निर्माता फर्म)
   मैसर्स भांगडिया बेवरेजेज (मो. नं. 9460208385)
   प्लॉट नं. 6. दाणी पुरोहितान खेडा गणेश रोड, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 (राज.)
   निवासी 16 ए, लक्ष्मीनारायण विहार, आदित्य मिल अजमेर रोड़, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 (राज.)
4. आशीष भांगडिया पुत्र गोपाल भांगडिया
   (भागीदार निर्माता फर्म)
   मैसर्स भांगडिया बेवरेजेज (मो. नं. 9450208385)
   प्लॉट नं. 6. दाणी पुरोहितान खेडा गणेश रोड, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 (राज.)
   निवासी मॉडल टाउन, पराशिया, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 (राज.)
5. अंकित भांगडिया पुत्र भागचन्द भांगडिया
   (भागीदार निर्माता फर्म)
   मैसर्स भांगडिया बेवरेजेज (मो. नं. 9450208385)
   प्लॉट नं. 6. दाणी पुरोहितान खेडा गणेश रोड, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 (राज.)
   निवासी 45/19. डागाजी की गली. अजमेर रोड़, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 (राज.)

**अप्रार्थीगण**

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.03.12 18:55:33 IST
Reason: SelfAttested
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

विधि अनुरूप नहीं होने से निरस्त किये जाने योग्य है। जन विश्लेषक एवं जांच प्रयोगशाला जिसने कथित खाद्य पदार्थ के नमूने की जांच की वह विधि अनुरूप अधिसूचित एवं अधिकृत नहीं है, अतः मामले का एक मात्र आधार जन विश्लेषक की जांच रिपोर्ट साक्ष्य में पठनीय नहीं है। इसी मात्र बिन्दु पर मामला निरस्तनीय है। विधि अनुसार अधिनियम की धारा 46(4) के अनुसार जांच रिपोर्ट विपक्षीगण को प्राप्त नहीं हुई इस कारण जांच रिपोर्ट को रेफरल खाद्य लेबोरेट्री से जांच कराने के महत्वपूर्ण अधिकार से विपक्षीगण वंचित हुए हैं, इस कारण मामला निरस्तनीय है। कथित खाद्य पदार्थ पानी का नमूना विधि अनुसार नहीं लिया गया न विधि अनुसार जांच हुई इस कारण मामला निरस्तनीय है। जन विश्लेषक जिसने जांच खाद्य पदार्थ के सेम्पल की जांच की उसे साक्ष्य में बुलाकर उनसे जिरह करना चाहते है अतः जांच रिपोर्ट प्रदाता जन विश्लेषक को साक्ष्य में जिरह हेतु सम्मन किये जाने अर्थात् बुलाने की प्रार्थना स्वीकार फरमावें। जन विश्लेषक की रिपोर्ट में कथित नमूने को मिसब्राण्ड होना माना गया है लेकिन जांच रिपोर्ट में यह अंकित नहीं है कि नमूना क्यों मिसब्राण्ड है। इस कारण जांच रिपोर्ट पर संस्थित मामला निरस्तनीय है। अतः मामला समाप्त फरमावें। जवाब परिवाद शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है।

दिनांक 03.03.2021 को विद्वान अधिवक्ता विपक्षी द्वारा की गई बहस पत्रावली को सुना गया। विद्वान अधिवक्ता विपक्षी ने अपनी बहस जवाब परिवाद में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि जन विश्लेषक एवं जांच प्रयोगशाला जिसने कथित खाद्य पदार्थ के नमूने की जांच की वह विधि अनुरूप अधिसूचित एवं अधिकृत नहीं है, अतः मामले का एक मात्र आधार जन विश्लेषक की जांच रिपोर्ट साक्ष्य में पठनीय नहीं है। विधि अनुसार अधिनियम की धारा 46(4) के अनुसार जांच रिपोर्ट विपक्षीगण को प्राप्त नहीं हुई इस कारण जांच रिपोर्ट को रेफरल खाद्य लेबोरेट्री से जांच कराने के महत्वपूर्ण अधिकार से विपक्षीगण वंचित हुए है, इस कारण मामला निरस्तनीय है। कथित खाद्य पदार्थ पानी का नमूना विधि अनुसार नहीं लिया गया न विधि अनुसार जांच हुई इस कारण मामला निरस्तनीय है। जन विश्लेषक की रिपोर्ट में कथित नमूने को मिसब्राण्ड होना माना गया है लेकिन जांच रिपोर्ट में यह अंकित नहीं है कि नमूना क्यों मिसब्राण्ड है। अतः प्रकरण में कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त किये जाने आदेश प्रदान कराया जावें। इसी ईश्तदुआ के साथ विद्वान अधिवक्ता विपक्षीगण ने अपनी बहस पत्रावली समाप्त की। हमने पत्रावली को बागौर आद्यौपांत अवलोकन किया। तथ्यों का मनन किया। पत्रावली को वास्ते निर्णय रिजर्व किया गया।

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। हमने पत्रावली का बागौर आद्यौपांत अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता पूर्वक अध्ययन/परिशीलन किया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत फार्म नंबर 5 ए की प्रति से जाहिर होता है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विक्रेता/मालिक को खाद्य पदार्थ पेकेज्ड

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.03.12 18:55:33 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

